किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं।
संपर्क करें:
7018631199

www.himalayanupdate.com 7018631199 समाचार पत्र Postal Regd no: HP/128/SML/2020-22

नवंबर, 2023

आपकी आवाज़

हिमालयन अपडेट

RNI-HPHIN/2017/73579

अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।
himalayanupdate@gmail.com
7018631199

शनिवार 11.11.2023 पृष्ठ: 01, मूल्य: 1 रू. शिमला से प्रकाशित advthimalayanupdate@gmail.com

अंतर्राष्ट्रीय लवी मेले की सभी को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

अंतर्राष्ट्रीय लवी मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

शिमला/हिमालयन अपडेट
अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला रामपुर की तैयारियों को लेकर आज उपमण्डलाधिकारी ना. रामपुर निशांत तोमर ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस दौरान मेला समिति के सभी सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों से पूर्ण सहयोग करने का अनुरोध किया ताकि मेले का सफ ल आयोजन संभव हो सके। उन्होंने कहा कि मेला के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए एक ट्रैफि क प्लान तैयार किया गया है, ताकि मेले में किसी भी प्रकार की कोई

बाधा न आए।

माननीय राज्यपाल करेंगे मेले का शुभारंभ

11 नवम्बर, 2023 को राज्यपाल हिमाचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ल प्रातः 11 बजे रामपुर पहुँचेंगे और अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला का शुभारंभ करेंगे।

कांग्रेस को नहीं दिखता मोदी द्वारा किया विकास: कश्यप

शिमला/हिमालयन अपडेट
भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा की कांग्रेस के नेता पूरे प्रदेश में अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं और केवल मात्र अपनी वहा वही और केंद्र सरकार को कोसने का कार्य कर रहे हैं। फिजुलखर्ची और केंद्र सहायता का राग गाने वाली प्रदेश सरकार यह बताएं कि खुद वह सरकार में रहते हुए कितनी फि जुलखर्ची कर रहे हैं, हम जानना चाहते हैं कि ओएसडीए पॉलिटिकल एडवाइजर, कैबिनेट रैंक के नेताओ की नियुक्तियों, अनावश्यक बोर्ड में सदस्य बनना, सीपीएस की नियुक्तियों पर कितना खर्च हो रहा है। क्या इस

खर्चों से प्रदेश की आर्थिक हालात खराब नहीं होती। कांग्रेस पार्टी के दो चहरे है और यह पूरी दुनिया को पता है। उन्होंने कहा की देश में जितना विकास पिछले 9 साल में हुआ वो उत्तम है, ऐसा काम कांग्रेस के कार्यकाल में कभी नहीं हुआ। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का बुनियादी ढांचा सुदृढ़ हुआ है, आज से पहले 2014 तक देश में 74 हवाई अड्डों का निर्माण किया गया था, 2023 में यह संख्या बडकर 148 हो गई। फरक साफ है लगभग दो गुना वृद्धि हुई है। भारत में राजमार्ग को लेकर बहुत काम हुआ है, 2014 में 91287 किलोमीटर राजमार्ग थे और 2023 में यह 145155 किलोमीटर हो गए। देश ने 2014 में 1520 किमी और 2023 में 2625 किमी रेलवे नई लाइन प्रति वर्ष बननी शुरू हो गई है।

महापौर-उपमहापौर चुनाव न होने के कारण जनता परेशान: निहाल

मंडी/
भाजपा जिला मंडी के पदाधिकारियों ने मंडी नगर निगम में महापौर उपमहापौर के चुनाव नही करवाने के लिए आज जिलाधीश के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार नगर निगम महापोर उपमहापौर के चुनाव ना करवाकर जनता से दोखा कर रही है।

प्रदेश सरकार इस आपदा की घड़ी में राजनीति करने में लगी है। नगर निगम मंडी के महापोर उपमहापौर चुनाव न होने के कारण नगर निगम की साधारण बैठक नहीं हो पा रही है जिस कारण जनता के काम नहीं हो आप रहे है।

मंडी/ हिमालयन अपडेट
डीआरडीए मंडी के परियोजना अधिकारी जीसी पाठक ने बताया कि सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड, आरटी, झबोला, जिला बिलासपुर सुरक्षा सुपरवाइजर तथा जवान के पदों पर भर्ती के लिए जिले के विभिन्न विकास खंडों में पात्र युवाओं के साक्षात्कार आयोजित करने जा रही है।

संबंधित खंड विकास अधिकारियों को आवश्यक सहयोग के लिए लिखा है। कंपनी के अधिकारी जय किशन ने बताया कि इन पदों को भरने के लिए मंडी जिले में 16 नवंबर को विकास खंड कार्यालय परिसर सदर, 17 को विकास खंड कार्यालय परिसर सुंदरनगर, 18 को विकास ख्ड कार्यालय परिसर सरकाघाट।

, 20 को विकास खंड कार्यालय परिसर धर्मपुरए 21 को विकास खंड कार्यालय परिसर जोगिंदरनगर तथा 22 नवंबर को

'गारंटियों में फेल और मंहगाई की मार यही है सुक्खू सरकार'

ऊना/हिमालयन अपडेट
प्रदेश भाजपा सचिव व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी सुमीत शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार को आम लोगों से कोई सरोकार नहीं रह गया है। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सुख की सरकार सारे काम दुःख की सरकार के ही कर रही है। शुक्रवार को ऊना से जारी ब्यान में सुमीत ने कहा कि गारंटियों में फेल और मंहगाई की मार यही कर रही सुक्खू सरकार। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व प्रदेशवासियों को दी गई 10 भ्रामक ग्रारंटियों में से एक भी गारंटी को सुक्खू सरकार पूरा नहीं कर पाई। वहीं अब त्यौहारों के सीजन में सरकार ने प्रदेश के डिपुओं पर

मिलने वाली खाद्य सामग्रियों के दाम में लगभग बीस फीसदी तक की बढ़ोतरी कर महंगाई का तोहफा भी दे दिया है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों में सरकार से प्रदेश के प्रत्येक वर्ग को तोहफे का इंतजार था, लेकिन इसके उलट कांग्रेस सरकार प्रदेश के लोगों पर महंगाई का बोझ डालने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सत्ता प्राप्ति के लिए प्रत्येक वर्ग को कांग्रेस ने झूठी ग्रारंटियां देकर अब मात्र शब्दों में ही उलझाने का काम कर रही है। सुमीत ने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश के लोगों को भ्रमित और महंगाई का बोझ डाल रही है, जिसकी शुरूआत सरकार बनते ही कर दी गई थी। सुमीत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना के माध्यम से अस्सी करोड़ से ज्यादा लोगों को निःशुल्क अन्न उपलब्ध करवाया जा रहा है। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना को समुचित सहयोग के लिए अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। सुमीत ने कहा कि सरकार का काम लोगों को राहत देने का होता है, जिससे लोगों की समस्याएं कम हो ओर बढ़े नहीं, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली से लोगों की समस्ययाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं।

'पुलिस जवान के ऊपर हमला करने वाला अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं'

हमीरपुर/हिमालयन अपडेट
बुधवार देर रात को सुजानपुर के युवक ने पुलिसकर्मी को किया था लहू लुहान 48 घंटे बीत जाने के बावजूद वारदात को अंजाम देने वाला युवक बेखोफ घूम रहा सडकों पर हिमाचल प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह फेल हो चुका है हैरानी की बात यह है कि पुलिस के ऊपर हमला हुआ है और पुलिस ही हमला करने वाले को 48 घंटे बीत जाने के बावजूद गिरफ्तार नहीं कर पाई है जो हैरान करने वाली बात है यह बात सुजानपुर जिला परिषद सदस्य कैप्टन रंजीत सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष बिक्रम राणा भाजपा सचिव विनोद ठाकुर ने जारी करें सभी विज्ञप्ति में कही है बिक्रम राणा आरोप लगाते हुए कहा कि कभी नशा बेचने वाले विधायक के साथ खड़े नजर आते हैं तो कभी गुंडागर्दी करने वाले लोग सुजानपुर विधायक के साथ नजर आते हैं ऐसे में यह बात साफ जाहिर है कि उस हमलावर को बचाने की विधायक की तरफ से कोशिश की जा रही है जो सहन नहीं की जाएगी। जिस युवक अभिषेक ने सुजानपुर निवासी सोनम कुमार जो हमीरपुर

जिला पुलिस में तैनात है लेकिन आज तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस उस हमला करने वाले युवक को गिरफ्तार करने में असफल रहती है पुलिस उसे गिरफ्तार करने में नाकाम क्यों है किसके इशारों पर पुलिस काम कर रही है कौन ऐसे गुंडागर्दी करने वालों को बचा रहा है इस बात पर जवाब दिया जाए उन्होंने कहा कि जब से इस पुलिस जवान के साथ ऐसा हुआ है तब से पुलिस जवान उपचाराधीन है लेकिन जिसने उस पुलिस वाले को घायल किया वह बेखोफ सुजानपुर के बाजारों में घूम रहा है उसे पकड? वाला कोई नहीं विनोद ठाकुर ने कहा कि अगर इसी तरह चलता रहा तो आए दिन इसी तरह की घटनाएं सामने आएंगी प्रदेश की भोली भाली जनता का सडकों पर चलना मुश्किल हो जाएगा उनकी सुरक्षा कौन करेगा जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं है भाजपा नेताओं ने जिला पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि जल्द उस हमलावर युवक को गिरफ्तार किया जाए सख्त सजा दी जाए ताकि इस तरह का काम करने वाले जो लोग हैं उन्हें एक सबक मिले वह प्रदेश में जो ला एंड ऑर्डर पूरी तरह फेल हो चुका है उसकी भी लाज बचाई जा सके भाजपा नेताओं ने कहा कि अगले 24 घंटे के भीतर उस हमलावर युवक को गिरफ्तार नहीं किया गया तो प्रदेश सरकार और जिला पुलिस के खिलाफ रोश प्रदर्शन किया जाएगा उन्होंने कहा कि सुजानपुर में लगातार नशा बढ़ रहा है किसकी सह पर यह नशा बढ़ रहा है कौन नशा बेचने वालों को पनाह दे रहा है यह बात अब सब की समझ में आ गई है जिसका ताजा उदाहरण अब सामने आया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों का जायजा लिया

शिमला/हिमालयन अपडेट

युवाओं को रोजगार का सुनहरा मौका

मुख्य निर्वाचन अधिकारीए हिमाचल प्रदेश मनीष गर्ग ने आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज यहां प्रदेश के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों उपायुक्त द्वारा की जा रही प्रारम्भिक तैयारियों का वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जायजा लिया। इस सन्दर्भ में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को मानव संसाधन तथा भण्डारण और पारगमन के संसाधनो की समय रहते पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उन्होंने मतदान के संचालन के लिए गठित किये जाने वाले मतदान दलों तथा उनके गन्तवय तक प्रस्थान करने वाले दिवसों का युक्तिकरण करने तथा मतदान केन्द्रों पर की जाने वाली वैबकास्टिंग हेतु वांछित इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध करवाने के लिये दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से सम्पर्क करने के भी निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन के दौरान व्यय नियंत्रण के लिए स्थाई व्यय नियंत्रण कमेटी गठित करने तथा व्यय संवेदनशील पॉकेट की पहचान करने सम्बन्धित विस्तृत निर्देश दिये। उन्होनें मतदाता सूचियों में 18-19 वर्ष के पात्र मतदाताओं के बहुत कम संख्या में पंजीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये कि हाल ही में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जा कर पात्र अपंजीकृत मतदाताओं के पंजीकरण, मृत तथा स्थान त्याग चुके चिन्हित मतदाताओं के विलोपन तथा मतदाता सूचियों में विद्यमान प्रविष्टियों में शुद्धि हेतु बनाई गई सूचियों का शीघ्र ही निस्तारण करें। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निम्न पंजीकरण तथा मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों अथवा बूथों की पहचान तथा निम्न प्रतिशतता के कारणों की पहचान करके बूथ स्तर तक

पर्स लौटाकर सिक्योरिटी गार्ड अजय ने दिखाई ईमानदारी

ऊना/हिमालयन अपडेट
जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव बहड़ाला में ऊना कॉलेज के सिक्योरिटी गार्ड अजय कुमार ने पर्स लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। पर्स में लाइसेंस के अलावा आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड सहित तीन हजार रुपये का कैश भी था। बता दें कि अजय कुमार निवासी मैहतपुर ऊना कॉलेज ऊना में बतौर सिक्योरटी गार्ड के पद पर कार्यरत है। रोजमर्रा की तरह शुक्रवार को ड्यूटी के लिए कॉलेज जा रहा था। बहडाला पहुंचने पर सडक किनारे पर्स गिरा मिला, तो अजय ने इसकी जानकारी स्थानीय वार्ड पंच से को दी। वार्ड पंच ने आधार कार्ड से व्यक्ति की पहचान राकेश कुमार निवासी घुमारवीं के रूप में की, जिससे संपर्क कर पर्स लौटाया गया।

भाजपा ने किया दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

शिमला/हिमालयन अपडेट
भाजपा मुख्यालय दीप कमल चक, शिमला में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से सांसद सुरेश कश्यप एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा उपस्थित रहे।इस दिवाली के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने सभी भाजपा कार्यकताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दीपावली बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जनवरी 2024 में राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने जा रहा है और यह हमारे लिए एक

ऐतिहासिक पल होगा इसलिए इस दीपावली की महत्वता बढ़ जाती है।भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने दीपावली के पर्व का महत्व कार्यकताओं के समक्ष रखा और उन्होंने कहा कि आगामी 2024 की लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएगा और एक बार फिर केंद्र में सशक्त भाजपा की सरकार को पूर्ण बहुमत देकर सत्ता में विराजमान करवाइए। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियां भी कार्यकताओं के बीच रखी और उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इन सभी उपलब्धियां को हम घर-घर पहुंचाने का कार्य करेंगे।इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा मुख्यालय में कार्यकताओं को हलवा भी वितरित किया गया।

नहीं चली सरकार की कोई चालाकी, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की सरकार की याचिका: जयराम ठाकुर

शिमला/
नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा सीपीएस से जुड़े मामले को हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफ र किए जाने की माँग को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय का यह फैसला स्वागत योग्य है। फैं सले से सरकार द्वारा सभी मुद्दे को भटकाने की कोशिशों को विराम लग जाएगा, उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हाथ निराशा लगी है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कांग्रेस को माननीय न्यायालय और प्रदेश के लोगों की जवाब देना होगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह की नियुक्तियां मनमाने तरीके. से की है। पहले सरकार ने सीपीएस के खिलाफ दायर याचिका के खिलाफ हाईकोर्ट में चुनौती दी, वहां से निराश होने के बाद केस ही हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफ र करने की माँग कर दी। जिससे मुद्दे को लंबा खींचा जा सकता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह हमारी बड़ी जीत और सरकार को झटका है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार बने एक साल हो गए हैं और अब तो दीवाली भी आ गई है, इसलिए कांग्रेस को चुनाव से पहले मातृशक्ति से किया गया वादा पूरा करना चाहिए और प्रदेश की सभी माताओं और बहनों को हर महीने 1500 रुपये देने के चुनावी वादे को पूरा करना चाहिए। नहीं माताओं बहनों से झूठ बोलने वाले लोगों की माताए.बहने माफ नहीं करेगी।

इनेता प्रतिपक्ष ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं
नेता प्रतिपक्ष ने समस्त प्रदेशवासियों को धनतेरस और दीपावली के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर सभी की रक्षा करें।

बंदला में स्थाई पटवारी की मांग को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/हिमालयन अपडेट
पटवार सर्कल बंदला स्थित माकड़ी मारकंड के पटवारी की सेवाएं बंदला में सप्ताह में दो बार देने बारे और जनता की परेशानियों को लेकर ग्राम पंचायत बंदला के प्रधान सतीश ठाकुर की अगवाई में एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक से मिला तथा समस्या से अगवत करवाया। इस अवसर पर उनके साथ जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी भी थे। प्रैस को जारी बयान में प्रधान सतीश ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायत बंदला की बैठक सभी प्रतिनिधियों के साथ हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पटवार सर्कल बंदला के पटवारी माकड़ी मारकंड स्थित पटवार सर्कल से संचालित होता है। जबकि गांव धमणा, बंदला, परनाली के ग्रामीणों को अपने राजस्व संबंधी काम करवाने के लिए ग्राम पंचायत सिहड़ाए ग्राम पंचायत बंदलाए ग्राम पंचायत स्योहलाए ग्राम पंचायत कोटला व जुखाला से होकर माकड़ी मारकंड जाना पड़ता है जोकि 25 से 30 किलोमीटर का सफर बनता है। ऐसे में लोगों के समय और धन दोनो की बबार्दी होती है। इन स्थानों पर बस सुविधा का भी अभाव है ऐसे में लोगों का छोटे से काम के लिए पूरा दिन खराब हो जाता है।

सतीश ठाकुर ने बताया कि यहां पर स्थायी पटवारी की तैनाती की जाए ताकि लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े। उन्होंने कहा कि पारित प्रस्ताव में मांग की गई कि बंदला में सप्ताह में कम से कम दो दिन पटवारी के बैठने के आदेश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि पटवारी को पंचायत की ओर से कमरा, बिजली पानी आदि की सुविधा दी जाएगी।